समाचार

राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल करेंगे विकास कार्यो का भूमिपूजन, लोकार्पण

(महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल करेंगी कार्यक्रमों की अध्यक्षता)

कोरबा 26 सितम्बर 2019—राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल 27 सितम्बर शुक्रवार को विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे तथा लोकार्पण, भूमिपूजन कार्यक्रमों की अध्यक्षता महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल द्वारा की जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 सितम्बर शुक्रवार को शारदा विहार में वैभव होम्स के सामने नवनिर्मित गार्डन में सायं 5 बजे विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन, लोकार्पण कार्यक्रम रखा गया है। इसी प्रकार सायं 5.30 बजे अशोक वाटिका के सामने नवनिर्मित गार्डन में कार्यक्रम आयोजित किया गया है, इन दोनों कार्यक्रमों में राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन लोकार्पण करेंगे। इस मौके पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी तथा सभापति धुरपाल सिंह कंवर एवं एम.आई.सी.सदस्यगण, पार्षदगण अपनी विशिष्ट उपस्थिति प्रदान करेंगे।